This Question Paper consists of **47** questions and **12** printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में **47** प्रश्न तथा **12** मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

Code No. 71/SS/320
कोड नं.

SET/सेट- A1

ACCOUNTANCY
लेखांकन

(Principles and Practice of Financial Accounting)
(वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार)

(320)

Day and Date of Examination : ____________________
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators : 1. ____________________
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ____________________

General Instructions :

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. **71/SS/320**, **Set - A1** on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या **71/SS/320**, सेट - **A1** लिखें।
5. (क) प्रश्न – पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिंदी उर्दू, पंजाबी बाँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

लेखांकन

(वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार)

(320)

समय 3 घण्टे] **[पूर्णांक 100**

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **47** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। जहाँ आवश्यक है, वहाँ आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिये गये हैं।

(iv) इन प्रश्नों का उत्तर प्रत्येक प्रश्न में दिए गए निर्देशानुसार दीजिए।

(v) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं **खण्ड – 'A'** एवं **खण्ड 'B'**।

(vi) **खण्ड - 'A'** में **36** प्रश्न हैं, प्रश्न-संख्या **1** से **36** तक।

(vii) **खण्ड - 'B'** में **11** प्रश्न हैं, प्रश्न-संख्या **37** से **47** तक।

(viii) **खण्ड - 'B'** में **दो** विकल्प हैं। **वैकल्पिक मॉड्यूल – I :** वित्तीय विवरणों का विश्लेषण। **वैकल्पिक मॉड्यूल – II** : वित्तीय लेखांकन में कम्प्यूटर का प्रयोग परीक्षार्थियों को केवल **एक** विकल्प के ही उत्तर देने हैं। एक विकल्प के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

निर्देश :

(1) **सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में **02.15** बजे किया जाएगा। **02.15** बजे से **02.30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

खण्ड – A

निर्देश: प्रश्न संख्या **1** से **14** प्रत्येक **1** अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

1. ________एक लेनदेन के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य होता है। **1**

(A) लेखांकन समीकरण
(B) खाता बही
(C) रोजनामचा
(D) प्रमाणक

2. निम्न में से कौन सा समीकरण सही है ? **1**

(A) देयताएँ = सम्पत्तियाँ + पूँजी
(B) सम्पत्तियाँ = पूँजी – देयताएँ
(C) सम्पत्तियाँ = पूँजी + देयताएँ
(D) पूँजी = संपत्तियाँ + देयताएँ

3. यदि तलपट बराबर नहीं है तब तलपट का समाधान करने के लिए कौन सा खाता खोला जाता है ? **1**

(A) लाभ-हानि खाता
(B) उचंत खाता
(C) ख्याति खाता
(D) पूँजी संचय खाता

4. विक्रय पुस्तक का योग ₹ 1,000 से कम किया गया। अशुद्धि का शोधन के द्वारा किया जायेगा: **1**

(A) उचंत खातों को ₹ 1,000 से क्रेडिट तथा विक्रय खाते को ₹ 1,000 से डेबिट करके।
(B) उचंत खाते को ₹ 1,000 से डेबिट तथा विक्रय खाते को ₹ 1,000 से क्रेडिट केरके।
(C) उचंत खाते को ₹ 2,000 से क्रेडिट तथा विक्रय खाते को ₹ 2,000 से डेबिट करके।
(D) उचंत खाते को ₹ 2,000 से डेबिट तथा विक्रय खाते को ₹ 2,000 से क्रेडिट करके।

5. निम्न में से कौन सा एक अलाभकारी संगठन के 'आय तथा व्यय खाते' के बारे में सत्य है ? **1**

(A) व्यय से आय का आधिक्य शुद्ध लाभ कहलाता है।
(B) विशिष्ट दान की प्रकृति आयगत होती है।
(C) प्रवेश शुल्क आय की एक मद है।
(D) प्राप्तियों की सभी मदों का लेख आय तथा व्यय खाते के आय पक्ष की ओर तथा सभी भुगतानों का लेखा आय तथा व्यय खाते के व्यय पक्ष की ओर किया जाता है।

6. निम्न में से कौन सी मद का लेखा व्यापार खाते में नहीं किया जाता है ? **1**

(A) मजदूरी
(B) ईंधन तथा पावर
(C) आगम भाड़ा
(D) डूबत ऋण

7. एक अलाभकारी संगठन के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता बनाते समय निम्न में से कौन सी 'भुगतान' की एक मद है : **1**

(A) स्टेशनरी
(B) दान
(C) प्रवेश शुल्क
(D) आजीवन सदस्यता शुल्क

8. फर्म के विघटन पर अलिखित परिसम्पत्ति की बिक्री से प्राप्त राशि को __________ में क्रेडिट किया जाता है। 1

(A) साझेदारों के पूँजी खातों में
(B) लाभ-हानि खाते में
(C) वसूली खाते में
(D) रोकड़ खाते में

9. निम्न में से कौन सा वसूली खाते में हस्तांतरित किया जाता है ? 1

(A) रोकड़ खाते का शेष
(B) संचयों के शेष
(C) लाभ-हानि खाते का शेष
(D) रोकड़ तथा बैंक में नगद को छोड़कर परिसम्पत्तियों के खातों का शेष।

10. ख्याति के संबंध में निम्न में से कौन सा सत्य है ? 1

(A) ख्याति एक काल्पनिक परिसम्पत्ति है।
(B) ख्याति एक चालू परिसम्पत्ति है।
(C) ख्याति एक क्षयी परिसम्पत्ति है।
(D) ख्याति एक अमूर्त परिसम्पत्ति है।

11. जब एक नया साझेदार ख्याति प्रीमियम का अपना भाग नगद लाता है, राशि को ________ में डेबिट किया जाता है। 1

(A) ख्याति खाता।
(B) नये साझेदार का पूँजी खाता।
(C) रोकड़ खाता।
(D) पूराने साझेदारों के पूँजी खाते।

12. अंशों के आवेदन करते समय आवेदन कर्ताओं द्वारा भुगतान की गयी प्रथम किस्त कहलाती है : 1

(A) आबंटन राशि
(B) आवेदन राशि
(C) याचना राशि
(D) अग्रिम याचना राशि

13. निम्न में से किसके कारण अंशों का हरण किया जा सकता है ? 1

(A) याचना राशि का भुगतान नहीं करने पर।
(B) सभा में उपस्थित होने में असफल रहने पर।
(C) बैंक को ऋण का भुगतान नहीं करने पर।
(D) अंशों को जमानत पर गिरवी रखने पर।

14. ₹ 10 के एक समता अंश जिस पर ₹ 8 मागें गये थे परन्तु ₹ 6 प्राप्त हुए का हरण कर लिया गया। अंश पूँजी खाते को __________ से डेबिट किया जायेगा : 1

(A) ₹ 10
(B) ₹ 8
(C) ₹ 6
(D) ₹ 2

15. निम्न रिक्त स्थान भरिए : **2**

एक परिसम्पत्ति के मूल्य में बढ़ोतरी _________ की जाती है तथा एक परिसम्पत्ति के मूल्य में कमी _________ की जाती है।

16. निम्न के लिए एक शब्द का उत्तर दीजिए : **2**

(i) कम्पनी अधिनियम 2013 द्वारा लेखांकन के कौन से आधार को मान्यता प्रदान नहीं की गयी है।

(ii) यह लेखांकन की एक पुस्तक है जिसमें परिसम्पत्तियों, देयताओं, पूँजी, व्ययों तथा राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के खाते बनाए जाते हैं।

17. निम्न वाक्य पूरा कीजिए : **2**

सामान्य रूप से उपयोग किए जानेवाले यन्त्रों में मानीटर जो _________ तथा _________ भी कहलाता है।

18. निम्न का एक शब्द में उत्तर दीजिए : **2**

(i) शेल्फ पर उपलब्ध बना बनाया साफ्ट वेयर उपयोगकर्ता की आवश्यकता अनुसार संशोधित किया जाता है।

(ii) उचंत खाते के माध्यम से शुद्ध की जानेवाले अशुद्धियाँ।

19. निम्न के लिए एक शब्द का उत्तर दीजिए : **2**

(i) पुनर्मूल्यांकन खाते को एक अलिखित _________ का लेखा करने के लिए क्रेडिट किया जाता है।

(ii) उस परिसम्पत्ति का नाम दीजिए जिसे वसूली खाते के डेबिट पक्ष में हस्तांतरित नहीं किया जाता हैं, परन्तु फर्म के विघटन के समय जो कुछ निश्चित राशि नगद लाता है।

20. निम्न रिक्त स्थान भरिए : **2**

(i) शेष साझेदार, अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार के भाग का अधिग्रहण _________ अनुपात में करते हैं।

(ii) यदि फर्म के विघटन के समय एक साझेदार फर्म की किसी देयता का भुगतान करने के लिए सहमत होता है तब __________खाता डेबिट किया जाता है।

21. लेखांकन समीकरण तैयार करते समय निम्न लेनदेनों से प्रभावित होनेवाले खातों के नाम दीजिए। **4**

(i) ₹ 40,000 कमीशन प्राप्त हुआ।

(ii) अतुल से ₹ 25,000 का माल खरीदा।

(iii) आशा को ₹ 4,000 का फर्नीचर बेचा।

(iv) चेक द्वारा किराये का भुगतान ₹ 6,000

22. निम्न लेनदेनों में लेखांकन अशुद्धियों के नाम दीजिए : **4**

(i) एक पूरानी मशीनरी की मरम्मत पर खर्च राशि को मशीनरी खाते में डेबिट किया गया।

(ii) विदूषी को ₹ 60 के बजाय ₹ 600 से डेबिट किया गया तथा याशिका को ₹ 600 के बजाय ₹ 60 से डेबिट किया गया।

(iii) विक्रय पुस्तक का योग ₹ 5,000 से अधिक किया गया।

(iv) ₹ 30,000 के क्रय का लेखा क्रय पुस्तक में नहीं किया गया।

23. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए : **4**

(i) प्राप्ति एवं भुगतान खाते के प्राप्ति पक्ष की ओर दर्शायी गयी ऋण की मद स्थिति विवरण के किस पक्ष की ओर दर्शायी जायेगी।

(ii) उन ऋणों का नाम दीजिए जिनकी वसूली नहीं की जा सकती है।

(iii) विभिन्न देनदार ₹ 30,000 है, डूबत ऋणों के लिए 5% के प्रावधान की आवश्यकता है। संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधन की राशि की गणना कीजिए।

(iv) मूल्यह्रास को लाभ-हानि खाते के किस पक्ष की तरफ दर्शाया जाता है ?

24. निम्न के लिए एक शब्द का उत्तर दीजिए : **4**

(i) हरण किए गए अंशों के पुन: निर्गमन के पश्चात, अंश हरण खाते का शेष किस खाते में हस्तांतरित किया जाता है?

(ii) अंशों के लिए प्राप्त आवेदन प्रस्तावित अंशों से कम हो तो यह क्या कहलाता है ?

(iii) अंशों के हरण से पूर्व भुगतान नहीं करने वाले अंशधारक को निर्देशक मंडल की द्वारा भुगतान करने के लिए कितने दिनों का नोटिस दिया जाता है ?

(iv) अंशों के पुन: निर्गमन का अर्थ कौन से अंशों के निर्गमन से है ?

25. अस्थगित आयगत व्यय का क्या अर्थ है? इसका कोई एक उदाहरण दीजिए। **2**

26. एक नए साझेदार द्वारा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग को नगद लाने तथा इसको व्यवसाय में बनाए रखने के लिए क्या रोजनामचा प्रविष्टि होगी ? **2**

अथवा

एक साझेदारी फर्म के स्थिति विवरण में दर्शाया गया कामगार क्षतिपूर्ति संचय का फर्म के विघटन के समय क्या लेखा किया जायेगा ?

27. एक फर्म की ख्याति को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो कारकों का उल्लेख कीजिए। **2**

अथवा

यदि वसूली व्ययों का भुगतान एक साझेदार द्वारा किया गया है तथा इसका वहन फर्म को करना है तो इसके लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि क्या होगी ?

28. ऐसे किन्हीं दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए जिनके लिए कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रतिभूति प्रीमियम संचय का उपयोग किया जा सकता है। **2**

अथवा

अदत्त याचना का क्या अर्थ है ?

29. एकल प्रविष्टि प्रणाली की कोई तीन विशेषताएँ समझाइए। **3**

अथवा

प्रबंधक के कमीशन की गणना कैसे की जाती है ? यदि यह शुद्ध लाभ पर कमीशन से पूर्व देय है तथा यदि यह शुद्ध लाभ पर कमीशन के पश्चात देय है। एक उदाहरण की सहायता से समझाइए।

30. 31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाते के अनुसार प्राप्त चंदा ₹ 50,000 था। **3**

अतिरिक्त सूचना :

(1) 1.4.2024 को अदत्त चंदा ₹ 5,000

(2) 31.3.2025 को अदत्त चंदा ₹ 3,000

(3) 1.4.2024 को अग्रिम प्राप्त चंदा ₹ 2,500

(4) 31.3.2025 को अग्रिम प्राप्त चंदा ₹ 1,000

वर्ष 2024-25 को चंदे से प्राप्त आय जिसकी खतौनी आय तथा व्यय खाते में की जायेगी की गणना कीजिए।

अथवा

निम्न विवरणों से प्रचालन लाभ की गणना कीजिए :

विवरण	**राशि (₹)**
शुद्ध विक्रय	70,000
विक्रय वापसी	10,000
बेचे गए माल की लागत	5,000
कार्यालय तथा प्रशासनिक व्यय	15,000
विक्रय एवं वितरण व्यय	6,500

31. अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को किस्तों में भुगतान को समझाइए। **3**

अथवा

समझाइए कि एक साझेदार के प्रवेश पर एकत्रित लाभ तथा हानि का लेखांकन कैसे किया जाता है ? रोज़नामचा प्रविष्टियाँ भी कीजिए।

32. अंशों के 'अधिअभिदान' का अर्थ दीजिए। अधिअभिदान की स्थिति में कौन से विकल्प उपलब्ध होते हैं ? **3**

33. अंशों के पुन: निर्गमन का क्या अर्थ है ? मूलत: सममूल्य पर निर्गमित किए गए अंशों को प्रीमियम पर पुन: निर्गमित करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। **3**

अथवा

अंशों के हरण की कार्यविधि समझाइए।

34. 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए गोयल एण्ड संस के निम्न तलपट से, 31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए व्यापार तथा लाभ हानि खाता तथा उसी तिथि तक का स्थिति विवरण तैयार कीजिए। **5**

31 मार्च 2025 को तलपट

विवरण	**डेबिट शेष (₹)**	**विवरण**	**क्रेडिट शेष (₹)**
आरम्भिक स्टॉक (1.4.2024)	28,000	क्रय वापसी	4,300
क्रय	34,300	विक्रय	1,40,000
वेतन	16,000	प्राप्तबट्टा	35,000
डूबत ऋण	5,400	पूँजी	68,500
मजदूरी	6,800	देय बिल	10,200
बीमा	1,000	लेनदार	23,300
व्यापारिक व्यय	2,200		
आहरण	20,000		
बैंक में नगद	92,000		
रोकड़ हस्ते	50,000		
देनदार	25,600		
	2,81,300		2,81,300

अंतिम स्टॉक का मूल्यांकन ₹ 7,200 किया गया।

अथवा

सीनियर सिटीजन क्लब, दिल्ली के 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त हुए वर्ष के प्राप्ति एवं भुगतान खाते से आय तथा व्यय खाता तैयार कीजिए।

प्राप्तियाँ	**राशि (₹)**	**भुगतान**	**राशि (₹)**
शेष नीचे लाए	28,000	किराया	6,700
चंदा	34,000	स्टेशनरी	3,600
प्रवेश शुल्क	1,000	वेतन	5,800
निवेशों की बिक्री	12,500	उपकरणों का क्रय	25,000
पुराने फर्नीचर की बिक्री (पुस्तक मूल्य ₹ 3,500)	2,300	मनोरंजन व्यय	10,400
दान	5,800	मिश्रति व्यय	8,600
		फर्नीचर क्रय	4,500
		शेष नीचे ले गए	19,000
	83,600		83,600

अतिरिक्त सूचना :

अदत्त चंदा ₹ 500 था।

35. A, B तथा C एक फर्म के साझेदार के तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बांटते थे। 31 मार्च 2025 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था। **5**

31 मार्च 2025 को A, B तथा C का स्थिति विवरण

देयताएँ	**राशि (₹)**	**परिसम्पत्तियाँ**	**राशि (₹)**
लेनदार	30,000	भूमि	85,000
देय बिल	20,000	भवन	50,000
अदत्त व्यय	25,000	संयन्त्र	1,00,000
सामान्य संचय	50,000	स्टॉक	40,000
पूँजी A 50,000 B 60,000 C 70,000	1,80,000	देनदार	25,000
		नगद	5,000
	3,05,000		3,05,000

1 अप्रैल 2025 से साझेदारों ने लाभ 1 : 1 : 3 के अनुपात में बांटने का निर्णय लिया। इस उद्देश्य के लिए यह सहमति हुई कि :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 60,000 किया जायेगा।

(ii) भूमि का पुनर्मूल्यांकन ₹ 1,00,000 किया जायेगा। भवन पर 6% मूल्यह्रास लगाया जायेगा।

(iii) ₹ 3,000 के लेनदारों को भुगतान नहीं किया जायेगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

36. डब्ल्यु एक्स लिमिटेड ₹ 10 प्रत्येक के 2,00,000 समता अंशों की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत है। कम्पनी ने जनता के अभिदान हेतु 1,50,000 अंश प्रस्तावित किए। 1,45,000 अंश अभिदत्त हुए। सभी याचनाएँ माँग ली गयी तथा 5,000 अंशों पर ₹ 3 प्रति अंश की अन्तिम याचना को छोड़कर सभी विधिवत्त प्राप्त हो गयी। **5**

कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में अंश पूँजी दर्शाइए।

अथवा

आर्या लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 10,000 अंशों को निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर ₹ 2 प्रति अंश

आंबटन पर ₹ 3 प्रति अंश

प्रथमयाचना पर ₹ 2 प्रति अंश

दूसरी तथा अन्तिम याचना पर ₹ 3 प्रति अंश 9,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदकों को अंशों का पूर्ण आबंटन कर दिया गया।जीतू को छोड़कर जिसे 300 अंशों का आंबटन किया गया था ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया जिसका भुगतान उसने प्रथम याचना के साथ किया, सभी राशि प्राप्त हो गयी। अन्तिम याचना अभी तक मांगी नहीं गयी थी।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ जारी करें।

खण्ड - B
वैकल्पिक मॉड्यूल - I
(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

37. तरलता मापने के दो आधारभूत तरीके हैं : **1**

(A) इनवेंट्री आवर्त अनुपात तथा चालू अनुपात

(B) चालू अनुपात तथा तरल अनुपात

(C) सकल लाभ अनुपात तथा प्रचालन अनुपात

(D) चालू अनुपात तथा औसत एकत्रण अवधि

38. प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना करते समय निम्न में से कौन सा घटाया जायेगा ? **1**

(A) पूर्वदत्त व्ययों में कमी

(B) व्यापार देयों में बढ़ोतरी

(C) व्यापार प्राप्यों में बढ़ोतरी

(D) व्यापार प्राप्यों में कमी

39. वित्तीयन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह का उदाहरण दीजिए। **1**

(A) परिचालनों से क्रेडिट आय

(B) शेयरों के जारी से नगद प्राप्ति

(C) निवेशों का विक्रय

(D) व्याज की प्राप्ति

40. यदि विभिन्न देनदार ₹ 20,000; विपणन योग्य प्रतिभूतियाँ ₹ 30,000; रोकड़ ₹ 10,000 बैंक अधिविकर्ष ₹ 14,000; लेनदार ₹ 16,000 हैं तो चालू अनुपात क्या होगा ? **1**

(A) 2 : 1 (B) 1 : 1 (C) 1.5 : 1 (D) 1 : 2

41. यदि कुल प्रचालन आगम ₹ 2,70,000; प्रचालनों से उधार आगम ₹ 1,80,000; आरम्भिक व्यापार प्राप्य ₹ 32,000; अन्तिम व्यापार प्राप्य ₹ 40,000 हैं तब व्यापार प्राप्य आवर्त अनुपात होगा : **1**

(A) 2.5 गुना (B) 5 गुना (C) 9 गुना (D) 7.5 गुना

42. अंशों के प्रीमियम पर निर्गमन को ______ के रूप में दर्शाया जाता है। **1**

(A) प्रचालन गतिविधियों के अन्तर्गत अन्तर्वाह।

(B) वित्तीयन गतिविधियों के अन्तर्गत अन्तर्वाह ।

(C) निवेश गतिविधियों के अन्तर्गत अन्तर्वाह ।

(D) वित्तीयन गतिविधियों के अन्तर्गत बहिर्वाह।

43. निम्न वाक्य पूरे कीजिए : **2**

(i) एक फर्म की दीर्घ कालीन देयताओ का भुगतान करने की योग्यता का आकलन ___________ अनुपातों से किया जाता है।

(ii) स्टॉक की हानि अथवा भूचाल से हुई हानि पर बीमा कम्पनी से प्राप्त राशि को ___________ गतिविधियों से हुए रोकड़ प्रवाह के रूप में असमान्य मदों के अन्तर्गत दर्शाया जाता है।

44. रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय लाभांश प्रबंधन को समझाइए। **2**

45. निम्न सूचना से इंन्वेटरी आवर्त अनुपात को गणना कीजिए : **2**

प्रचालनो से आगम ₹ 2,00,000

सकल लाभ - ₹ 40,000

औसत इंन्वेटरी - ₹ 20,000

46. प्रचालन गतिविधियों का क्या अर्थ है ? प्रचालन गतिविधियों में सम्मिलित किन्हीं दो मदों की सूची दीजिए। **3**

47. 31 मार्च 2025 को ए बी सी लिमिटेड के दिए गए स्थिति विवरण से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए : **5**

स्थिति विवरण

विवरण	नोट्स सं	31.3.2025 (₹)	31.3.2024 (₹)
I. समता तथा देयताएँ :			
(1) अंशधारक निधियाँ			
a. अंश पूँजी		70,000	60,000
b. संचय तथा आधिक्य		30,000	8,000
(2) अचल देयताएँ दीर्घकालीन उधार (ऋ्णपत्र)		50,000	60,000
(3) चालू देयताँए व्यापार देय		45,000	10,000
कुल		1,95,000	1,38,000
II. परिसम्पत्तियाँ:			
(1) अचल परिसम्पत्तियाँ		50,000	38,000
a. सम्पत्ति, संयन्त्र तथा उपकरण तथा अमूर्त परिसम्पत्तियाँ(मशीनरी)		70,000	50,000
b. अचल निवेश			
(2) चालू परिसम्पत्तियाँ			
a. विपणन योग्य प्रतिभूतियाँ		15,000	5,000
b. इंन्वेंटरी		40,000	15,000
c. रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य		20,000	30,000
कुल		1,95,000	1,38,000

वैकल्पिक मॉड्यूल - II
(वित्तीय लेखांकन में कम्प्यूटर का प्रयोग)

37. यह एक प्रतिनिधित्व करनेवाला डेटा मॉडल है जिसके माध्यम से ई आर (ईकाई –संबंध) डिजाइन को अन्तर संबंधित डेटा सारणियों में परिवर्तित किया जाता है : **1**

(A) अवधारणा डिजाइन (B) आवश्यकता डिजाइन
(C) डेटा आधार डिजाइन (D) तार्किक डिजाइन

38. एम एस एक्सेस का वह घटक जिससे एस क्यू एल अनुकूल क्वैरी कथन, डेटा स्टोर तथा डेटा एवं सूचना पुन: प्राप्त की जा सकती है कहलाता है : **1**

(A) टेबल (B) क्वैरी (C) फार्म (D) रिपोर्ट

39. डेटा का यह प्रकार यूनिवर्सल रिसोर्स लॉकेटर (यू आर एल) तथा ई-मेल पते स्टोर करता है : **1**

(A) हाइपर लिंक (B) मेमो (C) टेक्स्ट (D) ओ एल ई आब्जेक्ट

40. निम्न में से कौन सा घटक पे रोल लेखांकन में जोड़ा **नहीं** जाता है ? **1**

(A) महंगाई वेतन (B) महंगाई भत्ता
(C) भविष्य निधि (D) मकान किराया भत्ता

41. ग्राफ तथा चार्ट डेटा का चित्र द्वारा प्रस्तुतीकरण है जिसकी न्यूनतम _________ आकार संबंध होते है। **1**

(A) एक (B) दो (C) तीन (D) चार

42. निम्न में से कौन सा एम एस ऐक्सेस का एक घटक **नहीं** है ? **1**

(A) टेबल (B) क्वैरी (C) फार्म (D) स्प्रेडशीट

43. मूल वेतन अर्जित करने का मूल घटक है; मूल वेतन x __________/ __________। **2**

44. नियमित टेक्स्ट प्रारूपण का उपयोग करते हुए चार्ट घटकों में टेक्स्ट प्रारूपण के चरणों को समझाइए। **2**

45. पाई चार्ट तथा बार चार्ट में अन्तर दीजिए। **2**

46. पे रोल लेखांकन में कटौती की जानेवाली किन्हीं तीन मदों को समझाइए। **3**

47. डेटा आधार क्या है ? एक डेटा आधार की संरचना की प्रक्रिया में आवश्यक घटकों को समझाइए। **5**

- o O o -